# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

23 अप्रैल 2026

गुरुवार




अरियांव में भरी दोपहरी किशोरी की गोली मार हत्या, मौके पर कैंप कर रही है पुलिस

2



## एक नजर

### हलगाम हमले की बरसी: पीएम मोदी ने जान गंवाने वाले निर्दोषों को याद किया

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भावुक संदेश साझा करते हुए उन निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने इस हमले में अपनी जान गंवाई थी। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि इस भयावह हमले में जान गंवाने वाले लोगों को कभी भुलाया नहीं जाएगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति भी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत किसी भी प्रकार के आतंकवाद के सामने झुकने वाला नहीं है। उन्होंने दोहराया कि आतंकियों की साजिशें कभी सफल नहीं होंगी और देश पूरी मजबूती से उनका सामना करेगा। पहलगाम आतंकी हमले की बरसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पीड़ितों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस जघन्य घटना में मासूम लोगों की हुई मौत आज भी देश की सामूहिक स्मृति में गहराई से दर्ज है।

### आईपीएल : राजस्थान ने लखनऊ को 40 रन से हराया

**नई दिल्ली।** जडेजा ने 43 रन बनाए, एक विकेट भी लिया11राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 में पांचवीं जीत दर्ज करते हुए लखनऊ सुपर जाएंट्स को 40 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में बुधवार को राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 18 ओवर में 119 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम से मिचेल मार्श ने फिफ्टी (55 रन) जरूर लगाई, लेकिन उन्हें बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। कप्तान ऋषभ पंत, आयुष बडोनी और ऐडन मार्करम खाता तक नहीं खोल सके। गेंदबाजी में राजस्थान से जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए नाबाद 43 रन बनाए और निकोलस पूरन का अहम विकेट भी लिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत में लू का तांडव शुरू, मौसम विभाग ने जारी किया भीषण गर्मी का अलर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के एक बड़े हिस्से में चिलचिलाती गर्मी और लू ने दस्तक दे दी है। इससे जनजीवन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को चेतावनी जारी करते हुए बताया कि अगले चार से पांच दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। सूरज के कड़े तेवर और बढ़ते तापमान के कारण लोगों को दोपहर के समय घरों से बाहर निकलने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के छिटपुट इलाकों में 24 और 25 अप्रैल को भीषण लू चलने की संभावना है।

### उत्तर प्रदेश से राजस्थान तक गर्मी का हाल

उत्तर प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी गर्मी का प्रकोप चरम पर रहने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 23 से 25 अप्रैल तक और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22 से 26 अप्रैल के बीच लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं राजस्थान में 24 से 26 अप्रैल और मध्य प्रदेश में 23 से 26 अप्रैल तक लू चलने की आशंका है। इसके अलावा विदर्भ और छत्तीसगढ़ के इलाकों में 24 से 27 अप्रैल के दौरान भीषण गर्मी पड़ेगी। बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में भी 22 और 23 अप्रैल को लू का कहर देखने को मिलेगा।

### राज्यों में गर्म रातें परेशान करेंगी

केवल लू ही नहीं, बल्कि उमस भरी गर्मी भी कई तटीय और दक्षिण भारतीय राज्यों में लोगों की परेशानी बढ़ाएगी। ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, पुदुचेरी, तमिलनाडु, केरल, तटीय कर्नाटक और गुजरात के तटीय क्षेत्रों में 22 से 25 अप्रैल के बीच भारी उमस रहने वाली है। इसके अलावा, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और ओडिशा जैसे कुछ हिस्सों में रातें भी काफी गर्म रहने की संभावना है। कोंकण और गोवा में भी रात के समय तापमान अधिक रहने से लोगों को चैन की नींद मिलना मुश्किल हो सकता है।

## मिडिल ईस्ट में भारत निभा सकता है अहम रोल : राजनाथ सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को संकेत दिया कि पश्चिम एशिया में चल रहे ईरान और अमेरिका के बीच तनाव को कम करने में भारत भविष्य में भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि समय आने पर भारत इस दिशा में प्रयास कर सकता है और सफल भी हो सकता है राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों से युद्ध खत्म करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का कूटनीतिक मामलों में संतुलित दृष्टिकोण है।यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में होने वाली दूसरी दौर की शांति वार्ता परमाणु कार्यक्रम को लेकर मतभेद के कारण रुक गई है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ चल रहे तनाव में दो हफ्ते का युद्धविराम बढ़ाने का एलान किया। यह फैसला दोनों पक्षों को फिर से बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश के तहत लिया गया है।ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर के अनुरोध पर ईरान पर हमला फिलहाल रोका गया है, ताकि वहां के नेता एक संयुक्त शांति प्रस्ताव पेश कर सकें।

### बिहार में बनेंगे 11 नए ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप

# सम्राट कैबिनेट की पहली बैठक में 22 एजेंडों पर मुहर



■ 1500 महिला पुलिसकर्मियों को दी जाएगी स्कूटी

**एजेंसी। पटना**

बिहार में नई सरकार बनने के बाद बुधवार को सीएम सम्राट चैधरी की पहली कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में कुल 22 अहम एजेंडों पर मुहर लगी। करीब एक घंटे चली इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए, जिनका सीधा असर विकास, रोजगार और सुरक्षा पर दिखेगा।सरकार ने महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब 1500 महिला पुलिसकर्मियों को स्कूटी दी जाएगी। इसके साथ ही 3200 पुलिसकर्मियों को मोटरसाइकिल भी दी जाएगी। इस योजना पर कुल 66.75 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर क्षेत्र को अब काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 680 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। मुंगेर जिले के तारापुर में धार्मिक और पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए बड़ा फैसला हुआ है। इसके लिए कृषि विभाग की 15 एकड़ जमीन पर्यटन विभाग को मुफ्त में दी जाएगी, जिससे इलाके में पर्यटन को नई दिशा मिलेगी।

### निबंधन नियमावली 2026 लागू होगी

बैठक में नई निबंधन नियमावली 2026 को मंजूरी दी गई है। इसके तहत 80 साल या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को रजिस्ट्री कराने में विशेष सुविधा दी जाएगी, जिससे उन्हें दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रधानमंत्री सेतु योजना के तहत बिहार के 75 आईटीआई संस्थानों को आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाएगा। इस योजना पर कुल 3615 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिसमें राज्य सरकार की भी बड़ी हिस्सेदारी होगी। इससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

### शहरी विकास के लिए 11 नए टाउनशिप

नगर विकास विभाग ने 11 नए ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप बनाने की मंजूरी दी है। इन क्षेत्रों में जमीन खरीद-बिक्री, हस्तांतरण और निर्माण कार्य पर फिलहाल रोक रहेगी। ताकि योजना को सही तरीके से लागू किया जा सके। आईआईटी पटना में रिसर्च पार्क बनाने के लिए 305 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। वहीं इन्क्यूबेशन सेंटर फेज-2 के लिए 39 .01 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। राजीव नगर में मै और पुलिस डाटा सेंटर के लिए 172 .80 करोड़ रुपये और फायर ब्रिगेड के लिए 62 मीटर ऊंची हाइड्रोलिक लैडर मशीन खरीदने के लिए 18 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

## पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में वोट के लिए नोट की बारिश, एक हजार करोड़ से ज्यादा की जब्ती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नकदी और शराब-ड्रग्स बांटकर चुनाव प्रभावित करने का प्रयास करने वालों पर केंद्रीय चुनाव आयोग की पैनी नजर है। इसी का परिणाम है कि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया के दौरान 26 फरवरी से लेकर 22 अप्रैल तक 1072.13 करोड़ रुपये की जब्ती की जा चुकी है, जिसमें नकदी के अलावा शराब, डग्स व अन्य वस्तुएं शामिल हैं।आंकड़ों के अनुसार, तमिलनाडु में जहां नकदी अधिक पकड़ी गई है, वहीं पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन एजेंसियों को शराब और ड्रग्स जब्त करने में अधिक सफलता मिली है। विधानसभा चुनाव हिंसा मुक्त, भय मुक्त और प्रलोभन



मुक्त कराने के लिए चुनाव आयोग ने चुनाव अधीन सभी राज्यों के वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए थे।सीमावर्ती राज्यों को भी ऐसी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सतर्क किया गया। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में 2728 और तमिलनाडु में 2283 यानी कुल 5011 उड़नदस्ते तैनात किए। साथ ही दोनों राज्यों में कुल 5363 (बंगाल में 3142 और तमिलनाडु में 2221) स्टेटिक सर्विलांस टीमें लगाई गईं।इनकी तैनात करते हुए आयोग ने 26 फरवरी से दोनों राज्यों में इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) को सक्रिय किया। तब से लेकर रविवार तक हुई जब्ती के आंकड़े आयोग ने साझा किए हैं।इसके मुताबिक, पश्चिम बंगाल में 27.48 करोड़ रुपये नकद, 102.45 करोड़ रुपये मूल्य की शराब, 108.11 करोड़ रुपये मूल्य का ड्रग्स सहित कुल 472.89 करोड़ रुपये की जब्ती की गई है।

## बंगाल : नंदीग्राम में वोटिंग से पहले पुलिस आब्जर्वर को हटाया

**एजेंसी। कोलकाता**

चुनाव आयोग ने पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम के पुलिस आब्जर्वर हितेश चौधरी को उनके पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उनके स्थान पर अब अखिलेश सिंह को नया पुलिस आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। नंदीग्राम में गुरुवार, 23 अप्रैल को मतदान होना है और नियमानुसार मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार थमने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था की कमान अब नए आब्जर्वर के हाथों में होगी। नंदीग्राम सीट पर भाजपा की ओर से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी चुनाव मैदान में हैं, जबकि उनके खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने पवित्र कर को उम्मीदवार बनाया है। आयोग ने इस अचानक हुए तबादले का कोई विशिष्ट कारण स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन प्रशासनिक गलियारों में इसे क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय की ओर से चुनावी ड्यूटी में शामिल अधिकारियों कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी गई है। सीईओ कार्यालय की ओर से कहा गया है कि भारतीय जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रविधानों को कड़ाई से लागू किया जाएगा।







# चौसा फोरलेन परियोजना में किसानों को बड़ी राहत, अब बक्सर से ही होगी सुनवाई

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को 319ए फोरलेन निर्माण परियोजना से जुड़े भूमि अधिग्रहण मामलों के समाधान के लिए विशेष मध्यस्था शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में किसानों और भू-धारियों ने पहुंचकर मुआवजा, जमीन के मूल्यांकन, नामांकन, वर्गीकरण और अन्य प्रशासनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर ने की। शिविर में किसानों को



सबसे बड़ी राहत देते हुए आयुक्त ने घोषणा की कि अब भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों की सुनवाई स्थानीय स्तर पर ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई जाएगी। इसके लिए किसानों को पटना जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य लोगों को अनावश्यक परेशानी से बचाना और समय पर न्याय दिलाना है। आयुक्त ने कहा कि यदि नीयत साफ हो और प्रशासन व आमजन मिलकर प्रयास करें तो हर समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां एक ही मौजा से कई मामले जुड़े हों, वहां सामूहिक रूप से सुनवाई कर निपटारा किया जाए, ताकि किसानों को बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। जिलाधिकारी साहिला ने भी किसानों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आवेदन दें। उन्होंने कहा कि जो किसान मुआवजा राशि से संतुष्ट नहीं हैं, वे आर्बिट्रेशन प्रक्रिया के तहत अपना पक्ष रख सकते हैं। प्रशासन निष्पक्ष सुनवाई कर उचित निर्णय देगा। जिलाधिकारी ने बताया कि 319ए फोरलेन परियोजना क्षेत्र के विकास से जुड़ी एक महत्वपूर्ण योजना है। इसका कार्य प्रारंभ हो चुका है, इसलिए परियोजना को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि जो लोग बुधवार के शिविर में शामिल नहीं हो सके, उनके लिए आगामी दिनों में भी शिविर जारी रहेगा। शिविर के दौरान कुल 40 रैयतों ने मुआवजा से संबंधित आवेदन जमा किए। कार्यक्रम का संचालन अपर समाहर्ता अरुण कुमार ने किया। मौके पर जिला, अनुमंडल, प्रखंड और अंचल स्तर के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि किसानों की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शी और न्यायपूर्ण तरीके से किया जाएगा।

# अरियांव में भरी दोपहरी किशोरी की गोली मार हत्या, मौके पर कैंप कर रही है पुलिस







- **एकतरफा प्यार में हत्या का आरोप लगा रहे है स्वजन, गांव छोड़ फरार हुआ आरोपित, एफएसएल टीम ने लिया घटना स्थल का जायजा**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियांव गांव में एक किशोरी की गोली मार हत्या कर दी गई है। घटना बुधवार दोपहर की बताई जा रही है। इसकी जानकारी मिलते ही डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार, कृष्णाब्रह्म के प्रभारी थानाध्यक्ष महेश कुमार समेत भारी संख्या में पुलिस बल गांव में पहुंच मामले की जांच और हत्यारे की गिरफ्तारी में जुट गई है।

किशोरी की पहचान 15 वर्षीय श्वेता कुमारी, पिता बबलू उपाध्याय के रूप में की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार दोपहर में सभी लोग घर में सो रहे थे, इसी दौरान अचानक किसी ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खटखटाने की आवाज सुन किशोरी जैसे ही दरवाजा खोली कि किसी ने उसके ऊपर गोली चला दी। हालांकि, किशोरी ने बचने का प्रयास किया तथा वह तेजी से घर के अंदर भागने का प्रयास की, लेकिन तब तक उसे दो गोली लग चुकी थी। जिस कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

गोली चलने की आवाज सुन स्वजन दौड़े भेज दरवाजे की तरफ पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपित फरार हो चुका था। इधर खून से लथपथ किशोरी स्वजनों के सामने ही दम तोड़ दी।

स्वजनों ने आनन फानन में इसकी सूचना स्थानीय पुलिस तथा डुमरांव एसडीपीओ को दी। सूचना मिलते ही पुलिस सदल-बल मौके पर पहुंची तथा घटना की जांच में जुट गई। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। एफएसएल टीम ने घटना स्थल से कई साक्ष्य इकट्ठा किए। इधर घटना के बांद गांव में तनाव व्याप्त है। मीडिया को दिए बयान में किशोरी के पिता बबलू उपाध्याय ने गांव के ही परमहंश उपाध्याय के पुत्र प्रवीन उपाध्याय पर एकतरफा प्यार में अपनी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। पिता का कहना है कि वह लंबे समय से मेरी बेटी को परेशान कर रहा था।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ पोलस्त के नेतृत्व में कृष्णाब्रह्म, डुमरांव, नया भोजपुर, कोरानसराय आदि कई थानों की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना को ले गांव में कई तरह की चचाएं हो रही है।

एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि किशोरी के पिता के आरोपो के अलावे भी कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

समाचार लिखे जाने तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हो सका था, बावजूद पुलिस हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।

## एक नजर

### पंचायत चुनाव 2026 की तैयारी तेज रिजर्वेशन पोर्टल पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं, नावानगर बीडीओ से जवाब-तलब

**बक्सर।** पंचायत आम निर्वाचन 2026 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। बुधवार को समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में रिजर्वेशन मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर प्रपत्र-01 की प्रविष्टि की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत चुनाव से जुड़ी तैयारियों की बारीकी से पड़ताल की गई और अधिकारियों को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित कार्य निष्पादन का सख्त निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि पंचायत चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आरक्षण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और तथ्यात्मक होनी चाहिए, इसलिए पोर्टल पर डाले जा रहे प्रत्येक आंकड़े की शुद्धता सुनिश्चित करना अनिवार्य है। समीक्षा के दौरान नावानगर प्रखंड विकास पदाधिकारी का कार्य असंतोषजनक पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित बीडीओ से स्पष्टीकरण देने का निर्देश जारी किया। प्रशासनिक सख्ती के इस कदम से अन्य अधिकारियों में भी सतर्कता देखी गई। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलंब प्रपत्र-01 की प्रविष्टि पूरी करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव की प्रक्रिया समयबद्ध होती है, इसलिए छोटी चूक भी आगे बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। बैठक में उप विकास आयुक्त निहारिका छवि, अपर समाहर्ता बक्सर तथा जिला पंचायत राज पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की रणनीति बनाई। जिले में पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच प्रशासन की यह सख्ती साफ संकेत दे रही है कि इस बार हर चरण पर पैनी निगरानी रखी जाएगी। पोर्टल प्रविष्टि से लेकर आरक्षण निर्धारण तक किसी भी स्तर पर ढिलाई करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। पंचायत चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कराने के लिए जिला प्रशासन ने अब तेज रफ्तार पकड़ ली है।

### ऑपरेशन यात्री सुरक्षा में आरपीएफ को सफलता चोरी के दो मोबाइल संग युवक गिरफ्तार

**बक्सर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) बक्सर ने ऑपरेशन यात्री सुरक्षा अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी के दो महंगे स्मार्ट मोबाइल फोन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बुधवार की रात स्टेशन परिसर में संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी के दौरान की गई। जानकारी के अनुसार निरीक्षक प्रभारी कुंदन कुमार के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक उमेश कुमार राय, आरक्षी दीपक कुमार एवं आरक्षी करण सिंह स्टेशन पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या दो-तीन पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। आरपीएफ जवानों को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन तत्परता दिखाते हुए जवानों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम माझिल शाह, पिता मोहन शाह, निवासी केशोपुर थाना सिमरी, जिला बक्सर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से दो महंगे स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि उसने उक्त मोबाइल फोन रात में किसी ट्रेन से यात्रियों का चोरी किया था। आरपीएफ ने गिरफ्तार युवक को जब्त मोबाइल फोन के साथ आगे की कार्रवाई हेतु जीआरपी थाना बक्सर के सुपुर्द कर दिया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि ऑपरेशन यात्री सुरक्षा अभियान के तहत यात्रियों के सामान की चोरी करने वाले असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है और ऐसे अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बैंक से निकले गल्ला कारोबारी पर दिनदहाड़े धावा, एक लाख नकद व छह लाख के चेक लेकर फरार बदमाश



- **छठिया पोखरा में वारदात से मचा हड़कंप, भीड़ ने दो आरोपित दबोचे, तीसरे और चौथे की तलाश में पुलिस की छापेमारी**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव शहर में बुधवार दोपहर अपराधियों ने दुस्साहस की हद पार करते हुए बैंक से पैसा निकालकर घर लौट रहे एक गल्ला कारोबारी को निशाना बना लिया। शहर के व्यस्त छठिया पोखरा मोहल्ला में बाइक सवार बदमाशों ने कारोबारी को घेरकर झोला छीन लिया और उसमें रखे एक लाख रुपये नकद, छह लाख रुपये के दो भरे हुए चेक तथा जरूरी कागजात लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि कारोबारी के शोर मचाने और स्थानीय लोगों की तत्परता से दो संदिग्धों को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि तीसरा बदमाश झोला लेकर फरार होने में सफल रहा, जबकि चौथा पहले से बाइक स्टार्ट कर बैठा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ के कब्जे से दोनों आरोपितों को छुड़ाकर थाने ले गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नंदन गांव निवासी स्व. द्वारिका गोंड उर्फ भंडोला गोंड के पुत्र मनु कुमार अनाज व्यवसाय से जुड़े हैं। बुधवार को वे राजगढ़ परिसर स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा से एक लाख रुपये निकालकर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे छठिया पोखरा के समीप पहुंचे, पहले से घात लगाए बाइक सवार चार युवकों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद बदमाशों ने उनके हाथ से झोला छीन लिया और भागने लगे। झोले में नकदी के अलावा चार लाख और दो लाख रुपये के दो भरे हुए चेक तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। अचानक हुई इस वारदात से कारोबारी कुछ पल के लिए हतप्रभ रह गए, लेकिन तुरंत शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर दौड़ पड़े। इसी दौरान दो आरोपित भीड़ के हत्थे चढ़ गए, जबकि तीसरा साथी बाइक लेकर निकल भागा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पकड़े गए दोनों युवक लोगों को बहलाने की कोशिश करते रहे। वे बार-बार कह रहे थे कि भागे हुए साथी से रकम वापस दिला देंगे। कुछ देर तक वे मोबाइल पर संपर्क करने का नाटक भी करते रहे, लेकिन बाद में दोनों के फोन स्विच ऑफ हो गए। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि पकड़े गए दोनों युवक अपना सही नाम-पता नहीं बता रहे हैं। उनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है ताकि फरार साथी और गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके।

थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शादी-विवाह के मौसम में शहर और बाजार क्षेत्रों में उचक्कों की सक्रियता बढ़ गई है। ये गिरोह बैंक, एटीएम और भीड़भाड़ वाले बाजारों में रेंकी कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। घटना के बाद व्यापारियों में दहशत का माहौल है।




# बक्सर में गैस संकट पर प्रशासन सख्त, कालाबाजारी पर दो एफआईआर दर्ज, 1180 शिकायतों में 1118 का निपटारा

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में रसोई गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि बक्सर में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की कुल 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। इनमें इंडियन ऑयल की 13, भारत पेट्रोलियम की 6 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 8 एजेंसियां शामिल हैं। जिले में घरेलू गैस उपभोक्ताओं की संख्या 3 लाख 50 हजार से अधिक है। कंपनीवार उपभोक्ताओं में इंडियन ऑयल के 2,02,360, भारत पेट्रोलियम के 57,517 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 90,668 उपभोक्ता शामिल हैं। 13 मार्च से 21 अप्रैल तक कुल 1,84,147 गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा चुका है, जबकि एजेंसियों के पास 2,917 सिलेंडर शेष हैं। प्रतिदिन जिले में औसतन 6,419 सिलेंडरों की मांग है, जबकि 5,507 सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है। फिलहाल 25,212 रीफिल बुकिंग लंबित हैं, जिससे साढ़े चार दिन का बैकलॉग बना हुआ है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहरी उपभोक्ता अंतिम डिलीवरी के 25 दिन बाद तथा ग्रामीण उपभोक्ता 45 दिन बाद ही नया सिलेंडर बुक करा सकेंगे। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी तैनात किए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है। अब तक कालाबाजारी के आरोप में दो प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। 21 अप्रैल को 11 गैस एजेंसियों और अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण भी किया गया। आम लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। गैस आपूर्ति से जुड़ी समस्या के लिए दूरभाष संख्या 06183-223333 जारी की गई है। अब तक 1180 शिकायतें मिलीं, जिनमें 1118 का त्वरित निपटारा कर दिया गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि गैस, पेट्रोलियम पदार्थों या आवश्यक वस्तुओं को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही है।

शादी और श्राद्ध जैसे आयोजनों के लिए वाणिज्यिक गैस उपलब्ध कराने की अलग व्यवस्था की गई है। बक्सर अनुमंडल में 185 तथा डुमरांव अनुमंडल में 220 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर कार्रवाई जारी है।






# बक्सर में सड़क सुरक्षा अभियान का बड़ा एक्शन, 151 वाहनों से वसूला गया 3.90 लाख जुर्माना



■ **डीएम साहिला और एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर चला विशेष अभियान, रामरेखा घाट मार्ग से हटाया गया अतिक्रमण**

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के उद्देश्य से बुधवार को प्रशासन ने व्यापक अभियान चलाया। जिलाधिकारी साहिला और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के निर्देश पर जिले के विभिन्न स्थानों पर वाहन जांच अभियान संचालित किया गया, जिसमें नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 151 वाहनों से 3 लाख 90 हजार 500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। प्रशासन की इस सख्ती से पूरे दिन वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

अधिकारियों के अनुसार जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों, मुख्य सड़कों तथा संवेदनशील स्थलों पर संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने, सीट बेल्ट नहीं लगाने, ओवरलोडिंग, कागजात की कमी, गलत दिशा में वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई।

पुलिस उपाधीक्षक यातायात कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अलग से चलाए गए अभियान में 39 वाहनों से 63 हजार 500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। यातायात पुलिस की टीमों ने वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक भी किया और चेतावनी दी कि आगे भी नियम उल्लंघन पर इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

इधर नगर परिषद बक्सर ने भी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए सदर अस्पताल बक्सर, मॉडल थाना क्षेत्र और रामरेखा घाट जाने वाले मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए ठेले, दुकानें और अन्य कब्जों को हटाया गया, जिससे आम लोगों को राहत मिली और आवागमन सुगम हुआ।

प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आम नागरिकों की भी साझी जिम्मेदारी है। थोड़ी सी लापरवाही कई बार जानलेवा साबित होती है। इसलिए सभी लोग हेलमेट, सीट बेल्ट, वैध कागजात और निर्धारित गति सीमा का पालन करें।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नियम तोड़ने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी, जबकि जिम्मेदार नागरिकों को सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क सुरक्षा अभियान में सहयोग करें।

## एक नजर

### उसरा गांव में भीषण अगलगी, लाखों की संपत्ति राख, बाछी की झुलसकर मौत



**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के सोनवर्षा थाना अंतर्गत उसरा गांव में बुधवार दोपहर की एक अलवेस्टर घर में अचानक आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। इस हादसे में एक मवेशी बाछी की झुलसने से मौत हो गई, जबकि पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। जानकारी के अनुसार उसरा गांव निवासी ललन शर्मा के घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें पूरे घर में फैल गईं और घर में रखा सामान जलने लगा। आग की लपटें देखकर परिवार के लोग शोर मचाते हुए बाहर निकले। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि आग लगते ही उन्होंने खुटे से बंधी दुधारू गाय को खोलकर बाहर भगा दिया, जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि गाय के बच्चे बाछी को नहीं बचाया जा सका और वह झुलसकर मर गई। अगलगी में घर में रखा फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े, अनाज, बर्तन, जेवरात समेत अन्य जरूरी सामान जलकर नष्ट हो गया। जिसकी कीमत लगभग दस लाख रुपए की आकलन ग्रामीणों ने किया है। इधर पीड़ित परिवार ने बताया कि इसी वर्ष फरवरी माह में उनके बेटे की शादी हुई थी। शादी में मिले उपहार स्वरूप फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत अनाज, वस्त्र तथा जेवर भी आग की भेंट चढ़ गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दीक्षा की संदिग्ध मौत मामले में पीएम व गृहमंत्री से उच्चस्तरीय जांच की मांग

**बक्सर।** बक्सर की बेटी दीक्षा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु मामले ने जिले समेत पूरे प्रदेश में आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता डॉ. मनोज पांडे ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री को आवेदन भेजकर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। डॉ. पांडे ने अपने आवेदन में कहा है कि दीक्षा की मौत ने न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे बक्सर जिले को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है। आमजन को आशंका है कि मामले की सच्चाई दबाने तथा दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा सकता है। उन्होंने मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी जैसे सीबीआई या विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराई जाए। साथ ही जांच प्रक्रिया की निगरानी उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के अधीन हो, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और लोगों का विश्वास कायम हो सके। आवेदन में दोषियों की शीघ्र पहचान कर कठोर सजा देने की भी मांग की गई है, ताकि समाज में कड़ा संदेश जाए। इसके अलावा पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा आर्थिक सहायता देने की भी अपील की गई है। महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने की जरूरत पर भी जोर दिया गया है। डॉ. पांडे ने कहा कि यह केवल एक परिवार की लड़ाई नहीं, बल्कि पूरे समाज की अस्मिता और न्याय की पुकार है। यदि मामले में जल्द निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों का विश्वास कानून व्यवस्था से उठ सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप कर दीक्षा को न्याय दिलाने की मांग की है।

# एमएलसी उपचुनाव को लेकर बक्सर प्रशासन अलर्ट, डीएम साहिला ने कसी तैयारी की कमान

■ **16 अप्रैल से चुनावी प्रक्रिया शुरू, 12 मई को मतदान और 14 मई को मतगणना, शराब, कैश व तस्करी पर सख्त निगरानी के निर्देश**



**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार विधान परिषद के भोजपुर सह बक्सर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन 2026 को लेकर बक्सर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें चुनाव की निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए गए।

बैठक में डीएम ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप हर स्तर पर समयबद्ध और सख्त तैयारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासनिक मशीनरी को पूरी सतर्कता के साथ चुनावी दायित्व निभाने का निर्देश दिया गया। उप निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार अधिसूचना 16 अप्रैल को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल निर्धारित है, जबकि 24 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 27 अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 12 मई को कराया जाएगा, जबकि मतों की गिनती 14 मई को होगी।

डीएम ने कहा कि भोजपुर जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान दलों का गठन जल्द पूरा किया जाए। सभी मतदान केंद्रों पर एक-एक माइक्रो प्रेक्षक की नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि मतदान प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखी जा सके और किसी भी गड़बड़ी की आशंका समाप्त हो।

कार्मिक कोषांग को निर्देश दिया गया कि सभी मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का विस्तृत कार्यक्रम तुरंत तैयार किया जाए। जिला निर्वाचन शाखा से अद्यतन दिशा-निर्देश प्राप्त कर प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करने और निर्धारित तिथियों पर चरणबद्ध प्रशिक्षण कराने को कहा गया। डीएम ने कहा कि प्रशिक्षित कर्मी ही निष्पक्ष चुनाव की मजबूत कड़ी होते हैं।

वाहनों की उपलब्धता को लेकर भी प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। अधिकारियों को मतदान दलों, सुरक्षा बलों तथा चुनावी सामग्री के सुरक्षित परिवहन के लिए आवश्यक वाहनों का आकलन कर तत्काल अधियाचनाएं तैयार करने का निर्देश दिया गया। चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के पालन पर विशेष जोर देते हुए डीएम ने मीडिया के माध्यम से आम जनता और राजनीतिक दलों तक इसकी जानकारी पहुंचाने को कहा। साथ ही निर्वाचन से जुड़ी सभी सूचनाएं समय पर प्रेस और अन्य संचार माध्यमों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय से समन्वय स्थापित कर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने की भी बात कही गई। मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व 247 नियंत्रण कक्ष संचालित करने का आदेश दिया गया है, ताकि किसी भी शिकायत, सूचना या आपात स्थिति पर त्वरित कार्रवाई हो सके। अधिकारियों को कहा गया कि कंट्रोल रूम पूरी तरह सक्रिय रहे और हर सूचना का तत्काल संज्ञान लिया जाए।

डीएम साहिला ने चुनाव की घोषणा के साथ ही शराब, नगद राशि और प्रतिबंधित सामग्रियों की तस्करी रोकने के लिए जिलेभर में वाहनों की सघन जांच का निर्देश दिया। प्रत्येक जांच की वीडियोग्राफी कराने को कहा गया है, ताकि कार्रवाई पारदर्शी और प्रमाणिक रहे।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कहीं से भी किसी प्रकार की शिकायत या सूचना मिलने पर तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। प्रशासन का लक्ष्य है कि उप निर्वाचन पूरी निष्पक्षता, सुरक्षा और विश्वास के माहौल में संपन्न कराया जाए। बक्सर प्रशासन की सक्रियता से साफ है कि चुनावी मैदान में अब हर कदम पर कड़ी निगरानी रहेगी।

# पैक्स घोटाले में दूसरी गिरफ्तारी, दो करोड़ गबन मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नया भोजपुर स्थित भोजपुर जदीद पैक्स से जुड़े करीब दो करोड़ रुपये के कथित गबन मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लगातार हो रही गिरफ्तारियों से पीड़ित जमाकताओं में न्याय की उम्मीद बढ़ी है, वहीं फरार आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अप्राथमिक अभियुक्त अमीरुल्लाह खान, पिता मुल्ला खान, निवासी नया भोजपुर को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले मुख्य अभियुक्त कमालू खान, पिता जमालू खान की गिरफ्तारी हो चुकी है। दोनों गिरफ्तारियों को मामले में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

यह मामला तब सामने आया था, जब बड़ी संख्या में पीड़ित जमाकर्ता पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के जनता दरबार में पहुंचे थे। लोगों ने शिकायत की थी कि उन्होंने वर्षों की कमाई भोजपुर जदीद पैक्स में आरडी और एफडी योजनाओं के तहत जमा की थी, लेकिन परिपक्वता के बाद राशि वापस नहीं दी जा रही है।

पीड़ितों के अनुसार, बैंक प्रबंधन लगातार बहाने बनाता रहा और बाद में शाखा पर ताला बंद कर दिया गया। कई लोगों ने आरोप लगाया कि पैसे मांगने पर कर्मचारियों ने उनकी पासबुक और अन्य कागजात भी अपने कब्जे में ले लिए, जिससे उन्हें जमा राशि साबित करने में कठिनाई हुई। घोटाले से प्रभावित लोगों में मजदूर, सब्जी विक्रेता, छोटे दुकानदार और दैनिक आय पर निर्भर परिवार शामिल हैं। इन लोगों ने छोटी-छोटी बचत कर भविष्य सुरक्षित करने की उम्मीद से पैसा जमा किया था। शिकायतकर्ता विकास कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में राशि परिपक्व होने के बाद भी उन्हें भुगतान नहीं मिला।

मामले की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियां, पटना प्रमंडल ने 6 जनवरी 2026 को जिला सहकारिता पदाधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। इसके बाद पीड़ितों ने नया भोजपुर थाना में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ आवेदन दिया।

थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेकर जांच कर रही है। शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाया जाएगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह सख्ती जारी रही तो पीड़ितों को न्याय मिलने के साथ भविष्य में ऐसे आर्थिक अपराधों पर भी रोक लगेगी।

# बक्सर में 27 अप्रैल को जॉब कैंप 400 पदों पर होगा ऑन स्पॉट चयन

**केटी न्यूज/बक्सर**




जिला नियोजनालय, बक्सर द्वारा आगामी 27 अप्रैल (सोमवार) को रोजगार शिविर सह जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि यह कैंप संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई फील्ड स्थित जिला नियोजनालय परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संचालित होगा। शिविर में विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा योग्य अभ्यर्थियों का मौके पर ही चयन किया जाएगा।

पहली कंपनी मदरसन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कुल 200 पदों पर बहाली की जाएगी। इसमें गुणवत्ता विभाग, उत्पादन विभाग तथा भंडार विभाग के पद शामिल हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 12 हजार 726 रुपये से 15 हजार 210 रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, स्नातक तथा आईटीआई किसी भी ट्रेड में रखी गई है। कार्यस्थल नोएडा होगा। इस भर्ती में पुरुष एवं महिला दोनों अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। अतिरिक्त समय कार्य करने पर दोहरा भुगतान भी दिया जाएगा।

दूसरी कंपनी इनोवसोर्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (सब्रोस लिमिटेड) द्वारा भी 200 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसमें एसी निर्माण कार्य के लिए बहाली होगी। चयनित अभ्यर्थियों को 13 हजार 761 रुपये से 15 हजार 759 रुपये तक वेतन मिलेगा। आयु सीमा 18 से 30 वर्ष रखी गई है। शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, स्नातक, आईटीआई तथा डिप्लोमा निर्धारित है। इस कंपनी में केवल पुरुष अभ्यर्थी ही भाग ले सकेंगे। कंपनी की ओर से एक समय भोजन, नाश्ता, चाय, बस सुविधा, ड्रेस, जूते सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि जॉब कैंप में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य है। जो युवक अब तक निबंधन नहीं करा सके हैं, वे राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। शिविर में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा, आधार कार्ड एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित हो सकते हैं। नियुक्ति की सभी शर्तों के लिए संबंधित नियोजक स्वयं जिम्मेदार होंगे। नियोजनालय की भूमिका केवल सुविधा प्रदाता के रूप में रहेगी। जिला प्रशासन ने बेरोजगार युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# जनगणना 2027 की तैयारियां तेज, बक्सर में स्वगणना को लेकर अधिकारियों व कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

■ **जीविका दीदियों, आईसीडीएस कर्मियों और महिला पर्यवेक्षिकाओं को फ्लो चार्ट के जरिए समझाई गई प्रक्रिया, घर-घर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश**



**केटी न्यूज/बक्सर**

जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में वरीय उप समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी (जनगणना) की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीविका दीदी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) से जुड़े कर्मी, महिला पर्यवेक्षिकाएं तथा जिला जनगणना कोषांग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी जनगणना में स्वगणना प्रक्रिया को सफल बनाना तथा उससे जुड़े कर्मियों को प्रशिक्षित करना था। इस दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को फ्लो चार्ट के माध्यम से स्वगणना की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल माध्यम से स्वगणना की व्यवस्था लोगों के लिए सुविधाजनक होगी, जिससे वे स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। बैठक में सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी हेमंत कुमार चौबे ने जनगणना 2027 में पूछे जाने वाले 33 महत्वपूर्ण प्रश्नों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन प्रश्नों के माध्यम से परिवार, आवास, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक स्थिति तथा अन्य आवश्यक जानकारियां एकत्र की जाएंगी, जिससे भविष्य की योजनाओं को बेहतर तरीके से तैयार किया जा सके। प्रशिक्षण सत्र के दौरान सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी गई। इसमें मोबाइल अथवा डिजिटल माध्यम से स्वगणना करने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया, ताकि वे स्वयं इसे आसानी से कर सकें और आम नागरिकों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकें। अधिकारियों ने कहा कि स्वगणना व्यवस्था तभी सफल होगी जब अधिक से अधिक लोग स्वयं इसमें भागीदारी करेंगे। बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित कर्मी पहले स्वयं स्वगणना करें और इसके बाद अपने संपर्क में आने वाले लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। विशेष रूप से जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं और उनके परिवारों के बीच जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका दीदियों की मजबूत पहुंच है, इसलिए वे स्वगणना अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। इसके अलावा आईसीडीएस पदाधिकारियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने केंद्रों के माध्यम से स्वगणना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को भी स्वगणना करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा बच्चों के अभिभावकों के बीच जागरूकता फैलाने को कहा गया। वरीय उप समाहर्ता ने कहा कि जनगणना किसी भी देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और सामाजिक कल्याण जैसी योजनाएं बनाती है। इसलिए सभी कर्मियों की जिम्मेदारी है कि वे लोगों को जागरूक करें और जनगणना 2027 को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक के अंत में जिला जनगणना कोषांग के अधिकारियों ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की और सभी विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की।

# रघुनाथपुर में बच्चों ने संभाली हरियाली की कमान, पृथ्वी बचाने का लिया संकल्प

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर प्रखंड के रघुनाथपुर गांव में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण का अनोखा संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम एवं जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें एमवी कोचिंग क्लासेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए दर्जनों पौधे लगाए और धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और हरित विकास के प्रति जागरूक करना था। इस मौके पर दक्षिण बिहार के जनसंवाद प्रमुख शैलेश कुमार ओझा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पृथ्वी को माँ का दर्जा दिया गया है। यह धरती सभी जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों और मानव जीवन का आधार है, इसलिए इसकी रक्षा करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव है। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने बढ़ते प्रदूषण, जल संकट और जलवायु परिवर्तन पर चिंता व्यक्त की। बताया गया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में इस अवधि का औसत अधिकतम तापमान 36.74 डिग्री सेल्सियस था, जो वर्ष 2026 में बढ़कर 41.26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। विशेषज्ञों ने इसे पर्यावरणीय असंतुलन का संकेत बताते हुए कहा कि यदि समय रहते पेड़-पौधों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# वाराणसी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ मंदिर का होगा विकास

## 680 करोड़ रुपये होंगे खर्च



**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार की सम्राट कैबिनेट की दूसरी बैठक में कुल 22 महत्वपूर्ण एजेंडों पर मुहर लगाई गई। यह बैठक बुधवार शाम 6 बजे पटना के मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में आयोजित हुई, जो अब समाप्त हो चुकी है। बैठक में लिए गए अहम फैसलों में सारण जिले के सोनपुर स्थित प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर के विकास से जुड़ा प्रस्ताव प्रमुख रहा। सरकार ने मंदिर परिसर को वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने के लिए 680 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। सारण जिले के सोनपुर में स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण स्थल है। हर वर्ष यहां विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेले का आयोजन होता है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर के समग्र और व्यापक विकास की योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत मंदिर की बाहरी संरचना और परिसर का उन्नयन किया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के लिए आधुनिक आधारभूत सुविधाएं, भवन निर्माण, साइट डेवलपमेंट और अन्य जरूरी अवसंरचनाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा, निर्मित संरचनाओं का अगले 10 वर्षों तक रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाएगा और आवश्यक भू-अर्जन की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इस पूरी योजना का क्रियान्वयन बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के माध्यम से किया जाएगा।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने व्यक्ति को कुचला, मौत, वाहन नहीं मिलने पर अस्पताल में परिजनों ने किया तोड़फोड़

- परिजनों ने घंटों देर तक जमा किया सड़क, पुलिस से वार्ता बाद हटी जाम



**केटी न्यूज/नवादा**

रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरदला-गया मार्ग पर करमा खुर्द केन्दुआ गांव के समीप बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। शव वाहन नहीं मिलने से आक्रोशित लोगों ने रजौली के प्रांचक मोड़ पर पटना-रांची एनएच-20 को करीब तीन घंटे तक जाम कर दिया। इसके बाद नवादा से शव वाहन पहुंचने पर मामला शांत हुआ और आवागमन बहाल हो सका। बताया जाता है कि सिरदला थाना क्षेत्र के गोदपुर गांव निवासी सूरज चौधरी,लिट्टू चौधरी और रोहित राजवंशी एक ही बाइक से रजौली बाजार जा रहे थे। इसी दौरान करमा केंदुआ गांव के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। घायल रोहित के अनुसार,बाइक गिरने के बाद एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सूरज और लिट्टू को कुचल दिया और फरार हो गया। हादसे में सूरज चौधरी और लिट्टू चौधरी की मौत हो गई, जबकि रोहित राजवंशी गंभीर रूप से घायल अवस्था इलाजरत है। घटना के बाद ग्रामीणों ने तीनों को रजौली अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया,जहां डॉ.परितोष कुमार ने सूरज और लिट्टू को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों ने अस्पताल पहुंचे और वहां मातम छा गया। इसी बीच शव वाहन रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में व्यवस्था नहीं होने से अस्पताल के कर्मी और पुलिस के साथ परिजनों के साथ नोक झोंक हुई उसके बाद अस्पताल में परिजनों के द्वारा तोड़फोड़ की गई तोड़फोड़ करने के बाद शव स्ट्रक्चर पर रखा कर परिजनों द्वारा नवादा ले जा रहे थे उसी क्रम में रजौली अंतर्गत प्रांचक मोड के पास सड़क को परिजनों ने जाम कर दिया और पुलिस पर लाठी चार्ज और मारपीट का आरोप लगाते हुए मोबाइल फोन लेने का आरोप में सड़क जाम कर दिया ।पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजने की तैयारी में जुटी, लेकिन शव वाहन उपलब्ध नहीं होने पर एक पिकअप वाहन की व्यवस्था की गई ।पिकअप वाहन से शव ले जाने की बात सुनते ही परिजन भड़क उठे और उन्होंने इसका विरोध किया। आक्रोशित लोग अस्पताल से ही शव को स्ट्रेचर पर रखकर प्रांचक मोड़ पहुंचे और एनएच-20 को जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस और परिजनों के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। परिजन शव वाहन की मांग पर अड़े रहे। करीब तीन घंटे तक चले हंगामे और जाम के बाद नवादा से शव वाहन मौके पर पहुंचा, जिसके बाद परिजन शांत हुए और जाम समाप्त किया गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी देखी गई। वहीं इसकी इस मामले को सूचना अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुलशन कुमार को दी गई। उसके बाद उन्होंने सिरदला थाना और कहीं थाने की पुलिस ने इस मामले को लेकर परिजनों को मामले को शांत करवाया। और फिर शव पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेजा। वही इस मामले को लेकर रजौली इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि मामले की जांच को लेकर पुलिस छूट गई है और अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा रही है वही इस मामले में जो भी दोषी है उसे पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए निकली चेतना रैली

- जागरूकता अभियान से घर-घर पहुंच अभिभावक से मिले



**केटी न्यूज/नवादा**

अनुमंडल क्षेत्र का एक विद्यालय ऐसा जो सृजनात्मक और रचनात्मक कार्यों के लिए जाना जाता है। जिसकी पहचान प्रखंड स्तरीय से जिला स्तरीय बन चुकी है जिसके विद्यालय प्रधानाध्यापक राजेश कुमार उत्कृष्ट शिक्षा सम्मान बिहार दिवस के अवसर पर भी सम्मानित किये जा चुके हैं। रजौली प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रजौली पूर्वी विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमाटांड में विगत बुधवार को जहां नामांकन अभियान को बहुत अलग अंदाज में आयोजित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा संबंधित अभिभावकों को एक दिन पूर्व नामांकन कार्यक्रम से अवगत करवाया गया नामांकन कार्यक्रम दिवस में सर्वप्रथम विद्यालय के पोषक क्षेत्र में नामांकन अभियान रैली का आयोजन किया गया जिसमें जन्म दिया तो शिक्षा दो,शिक्षा मेरा अधिकार है,आधी रोटी खाएंगे फिर भी स्कूल जाएंगे जैसे कई नारों से छात्र-छात्राओं के हाथों में बैनर तख्ती,सजती हुई दिखाई दी। नारे से पोषक क्षेत्र प्रभात कालीन बेला में गूंजता रहा। नामांकन अभियान के तत्पश्चाप, प्रधानाध्यापक राजेश कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय परिसर में नामांकन कक्षा के छात्राओं का प्रमाण पत्र जांच कक्ष व अभिभावक छात्र का प्रतीक्षा कक्ष, अल्पाहार एवं शीतल पेयजल के साथ आयोजन किया गया विद्यालय के नामांकन प्रभारी अंजू कुमारी ने बताया अभियान दिवस में करीब 35 छात्र-छात्राओं का नामांकन किया गया,नामांकन के उपरांत प्रथम कक्षा में नामांकित छात्राओं का कन्या पूजन किया गया ,चंदन तिलक एवम् आरती कर मुंह मीठा कराया गया,श्रृंगार सामग्री-लेखन सामग्री पाठ्यपुस्तक, बैग का वितरण श्रीमती मंजू कुमारी द्वारा प्रदान कर छात्राओं को सुशोभित किया' स्वागत कक्ष में सभी छात्र-छात्राओं को स्वागत गान बाल संसद की सदस्य कीर्ति कुमारी मानसी कुमारी अनुष्का कुमारी ने किया विद्यालय के वरीय शिक्षक श्री सच्चिदानंद प्रसाद अपने आशीर्वाद वचन के द्वारा सभी छात्राओं का जीवन का मंगल कामना की है। मौके पर विद्यालय की शिक्षिका निखत बानो नीतू कुमारी सैकड़ो ग्रामीण छात्र छात्राएं उपस्थित रहे हैं ' सभी विद्यालय परिवार के सदस्य दृढ़ संकल्प होकर के एक नारा लगाए "स्वच्छ विद्यालय,निपुण विद्यालय श्रेष्ठ विद्यालय अपनी उपलब्धि के लिए सदैव और सदैव जाना जाएगा।

# प्रेम विवाह का खौफनाक अंजाम: साले ने बहनोई की हत्या कर खेत में दफनाया शव, आरोपी गिरफ्तार



**एजेंसी। पटना**

पूर्वी चंपारण और मुजफ्फरपुर से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां प्रेम विवाह से नाराज साले ने बहनोई की हत्या कर शव को खेत में दफना दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर जेसीबी से खुदाई कर शव बरामद किया है। घटना के खुलासे के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरपुर के साहेबगंज थाना क्षेत्र के अहियापुर बड़ा खुसेर्दा निवासी सुनील कुमार 15 अप्रैल की रात करीब 9 बजे स्कूटी से घर से निकले थे। पत्नी शिल्पी कुमारी को बताया था कि उनके भाई सुमंत कुमार ने फोन कर मिलने के लिए बुलाया है। इसके बाद वह लापता हो गए। 17 अप्रैल को चकदरिया पुल के पास राघवा नदी किनारे उनकी स्कूटी बरामद हुई। इसके बाद पत्नी शिल्पी ने अपने भाई सुमंत और अन्य के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया ।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की। तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर केसरिया थाना क्षेत्र निवासी सुमंत कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली।

## एक नजर

### भाकपा माले के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**पीरो।** भाकपा माले का 57वां स्थापना दिवस फाग्गू सिंह स्मृति लाइब्रेरी अगिआंव बाजार में मनाया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी के संस्थापक सदस्यों के छायाचित्र पर माल्यार्पण व उन्हें क्रांतिकारी सलामी देकर की गई। मौके पर पूर्व विधायक चंद्रदीप सिंह ने कहा कि भाकपा माले नक्सलबाड़ी के किसान आंदोलन की ज्वाला से उत्पन्न पार्टी है। इसने समूचे कम्युनिस्ट आंदोलन के क्रांतिकारी विरासत को गर्व से आत्मसात किया है और तमाम मुश्किलों में भी आम जनता की शक्ति, साहस व ऊर्जा से खुद को निरंतर नवीकृत किया है। भाकपा माले अपने शुरूआती दौर से लेकर आज तक आम जनता के सवालों को लेकर संघर्ष करते आ रही है। स्थापना दिवस कार्यक्रम में लालबाबू चंद्रवंशी, रिंटू सिंह, ललन सिंह, राम बचन सिंह, बबन महतो, राम जी साह, मणि सिंह, जयराम सिंह, मनोज राम, कृष्णा शर्मा, इजराइल अंसारी, महेंद्र सिंह सहित कई अन्य लोगों उपस्थित थे।

### भाकपा माले पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस

**शाहपुर ।** भाकपा माले पार्टी का 57 वां स्थापना दिवस शाहपुर में मनाया गया। शुरूआत वरिष्ठ साथी कामरेड शाली ग्राम ने झंडोत्तोलन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा माले के जिला कमेटी के सदस्य जयशंकर प्रसाद ने किया। इस अवसर पर भाकपा माले के सभी दिवंगत साथी को मौन श्रद्धांजलि दी गई एवं शहीदों को याद कर उनके सपनों को सकार करने का संकल्प लिया गया। अवसर पर शाहपुर बिधान सभा सचिव बैजू कुशवाह,मुकेश पासवान, आनन्द प्रसाद,दामोदर प्रसाद,सुदामा सिंह कुशवाह,आदि प्रमुख रूप से थे।

### पीरो से हज यात्रा पर रवाना हुए दो हाजी

**पीरो ।** इस्लाम धर्म के सबसे पवित्र तीर्थ स्थल मक्का व मदीना में हज करने के लिए पीरो नगर के मिलकी मुहल्ले से दो हज यात्री एक साथ रवाना हुए। हज यात्रा पर जाने वालों में मो असरफ अली खान व उनकी पत्नी राजीया बानो शामिल है। दोनो हज यात्री पहले पीरो से दिल्ली पहुचेंगे। जहां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से मक्का के लिए उडान भरेंगे। हज यात्रियों को उनके स्वजनों व स्थानीय लोगों ने गाजे-बाजे के साथ फूल माला पहनाकर रवाना किया। हज यात्रियों को विदा करते हुए स्वजन व स्थानीय लोग काफी भावुक दिखाई दिए। ये हज यात्री लगभग 40 दिन वहां रहकर हज की प्रक्रिया पूरी करेंगे। हज यात्रियों की रवानगी के मौके पर सज्जाद हुसैन खान, जहांगीर खान, एजाज अहमद, सेराज खान, जमाल खान, मो शमशाद खान, वार्ड पार्षद मो तौफिक खान, दिलशाद खान, सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### 24 घंटे का संकीर्तन अनुष्ठान संपन्न

**शाहपुर।** प्रखंड के सहजौली गांवस्थित महावीर मंदिर परिसर में मंगलवार से चल रहे 24 घंटे का अखंड संकीर्तन अनुष्ठान बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज के बीच संपन्न हुआ। छपरा, बलिया,सिवाना आरा बक्सर के जाने माने संकीर्तन कलकारो ने हरेराम हरेकृष्ण के भक्ति धून से दर्शको को झूमने पर मजबूर कर दिया। तबला पर भुखाली तिवारी, बरमेश्वर सिंह,मनोज उपाध्याय,सुबोध जयराम मिश्र,त्यागी के भक्ति गायन तथा वादन लोगों खूब झूमाया। मंत्रोच्चार गुरूजन नरायण दूबे, मनू तिवारी,अचार्य कमलेश मिश्र,दिनेश पंडित,तथा छोटन पंडित ने मंत्रोच्चार से पूरा गांव तथा क्षेत्र भक्ति में डूबा रहा। इस अनुष्ठान कार्यक्रम के आयोजक दिनेश ओझा,रमेश ओझा,दिलीप ओझा,मनोज ओझा,देव दिनेश के निर्देशक मंटू ओझा, चंदन ओझा,अभिषेक प्रिंस, कुंदन, कृष्णा,प्रकाश अमरजीत,व्यंकटेश,डुगु बिधान क्रिसु सहित कई गणमान्य लोग प्रमुख रूप से थे।

### राजकीय मध्य विद्यालय में घुस चोरों ने उड़ाया कीमती सामान

**तरारी ।** तरारी प्रखंड अंतर्गत पंनवारी पंचायत के पनवारी पंचायत गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने विद्यालय के से सीलिंग फैन व समरसेबल चुरा लिया। चोरों ने स्कूल कक्ष रात में लगे 03 सीलिंग फैन को खोलकर चुराया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने समरसेबल दिवाल तोडकर ,समरसेबल व कक्षा के वांयरिग नुकसान पहुंचाया है। यह विद्यालय पनवारी गॉव से बाहर कालेज वाले रास्ते में स्थित है। घटना की जानकारी मिलने के बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक खुर्शीद आलम ने सिकरहटा थाने में आवेदन देकर मामले की सूचना दी। प्रधानाध्यापक ने अपने आवेदन में बताया कि अज्ञात चोरों ने विद्यालय के कक्षा सात से सीलिंग फैन व समरसेबल चोरी कर लिया है साथ ही उन्होने पूर्व में भी चोरी होने की बात कही। पुलिस ने आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है और चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### रेलवे टिकट काउंटर बंद से यात्री परेशान,राजस्व की क्षति

**भोजपुर ।** जिले के आरा-सासाराम रेलखंड पर स्थित चरपोखरी हाल्ट पर लगभग एक महीने से टिकट काउंटर बंद रहने से रेलवे विभाग को प्रतिदिन हजारों रुपए का राजस्व की क्षति हो रही है। चरपोखरी हाल्ट पर प्रतिदिन सभी ट्रेनों से सैकड़ो की संख्या में यात्री यात्रा करते हैं। रेलवे यात्री को पटना-आरा जाने के लिए रेलवे स्टेशन गड़हनी से टिकट लेना पड़ रहा है। वही सासाराम के तरफ जाने वाले यात्रियों को ट्रेन से उतरकर पीरों रेलवे स्टेशन से टिकट लेना पड़ता है। रेल यात्रीयों को चरपोखरी से बिना टिकट कटाये यात्रा कर रहे हैं। जिससे प्रतिदिन रेलवे को हजारों रुपए का नुकसान हो रहा है। 22 अप्रैल को जब पत्रकार ने सुबह से शाम तक रेलवे काउंटर बंद का पड़ताल किया तो देखा कि रेलवे टिकट काउंटर बंद था। वही जोगिंदर सिंह,गुरु सिंह,त्रिदेव कुमार सहित कई यात्रियों ने बताया कि इस हाल्ट पर टिकट काउंटर बंद रहने से बिना टिकट का सफर करना पड़ रहा है यात्रियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय डीआरएम से टिकट काउंटर नियमित चालू करने की मांग की है।

# बिहार कैबिनेट का बड़ा फैसला: महिला पुलिस को 1500 स्कूटी, 3200 बाइक खरीद को मंजूरी



**एजेंसी। पटना**

पटना में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में शाम 6 बजे शुरू हुई बैठक में कुल 22 एजेंडों को मंजूरी दी गई। उबैठक में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और खासतौर पर महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया गया। सरकार ने महिला पुलिस कर्मियों (पुलिस दीदी) के लिए 1500 स्कूटी खरीदने का फैसला किया है। इन स्कूटियों का उपयोग शहरी क्षेत्रों में स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों के आसपास गश्ती और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा। इस योजना पर प्रति स्कूटी 1.25 लाख रुपये की दर से कुल 18 करोड़ 75 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा, पुरुष पुलिस कर्मियों के लिए 3200 मोटरसाइकिल खरीदने की भी मंजूरी दी गई है। प्रत्येक बाइक पर 1.50 लाख रुपये की लागत आएगी, जिससे कुल 48 करोड़ रुपये खर्च होंगे। महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों के लिए स्कूटी और मोटरसाइकिल खरीद पर कुल 66 करोड़ 75 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस प्रस्ताव को कैबिनेट की बैठक में प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है, जिससे राज्य में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।

### 1500 स्कूटी और 3200 बाइक की मंजूरी

सरकार ने इस योजना के लिए कुल 66.75 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है. इसके तहत 1500 महिला पुलिसकर्मियों को स्कूटी दी जाएगी, जबकि 3200 पुलिसकर्मियों को मोटरसाइकिल दी जाएगी. इस फैसले से महिला पुलिस की पहुंच और तेजी दोनों बढ़ेगी, जिससे वे तुरंत किसी भी घटना पर कार्रवाई कर सकेंगी।

### पहले से चल रही है पुलिस दीदी योजना

पिछले साल ही बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने छात्राओं की सुरक्षा के लिए अभया ब्रिगेड की शुरूआत की थी. इस ब्रिगेड में महिला पुलिसकर्मियों को पुलिस दीदी कहा जाता है. इनकी तैनाती राज्य के सभी बड़े शहरों, कस्बों, स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों के आसपास की गई है, ताकि छात्राओं को सुरक्षित माहौल मिल सके।

# महिला आरक्षण विधेयक बिल को लेकर रालोमो ने निकला धिक्कार रैली




**केटी न्यूज/आरा**

बुधवार को परिसीमन सुधार एवं महिला आरक्षण विधेयक बिल को लेकर आरा राष्ट्रीय लोक मोर्चा भोजपुर के द्वारा धिक्कार मार्च निकाला गया। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा जी के आह्वान पर पुरे बिहार के सभी जिलों के तहत भोजपुर में भी धिक्कार मार्च निकाला गया। जिसका अध्यक्षता रोहित कुशवाहा ने किया। जो आरा संस्कृति भवन से चलकर, रामना मैदान जेपी स्मारक के पास सभी कार्यकताओं ने बिल के विरोधी महागठबंधन दलों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष रोहित कुशवाहा ने कहा किलोकसभा में परिसीमन एवं महिला आरक्षण बिल के विरोध में बिल पास होने से रोकना, महागठबंधन दलों का महिला विरोधी चेहरा उजागर हो गया है और देश कि पुरी जनता जान चुकी है। कार्यक्रम में शामिल प्रदेश सचिव सुनिल पाठक, पंकज कुशवाहा,शत्रुधन कुशवाहा,सुबोध केशरी, मुमताज वारसी,नितिश कुशवाहा,मिथुन सिंह,तेज नारायण कुशवाहा,वासुदेव कुशवाहा , अजय कुशवाहा,विनय कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# वोटिंग से पहले 72 घंटों के लिए बिहार-बंगाल की सीमा सील, बॉर्डर पर सख्त निगरानी

**एजेंसी। पटना**

पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल 2026 को होने वाले प्रथम चरण के मतदान को लेकर बिहार-बंगाल सीमा को 72 घंटे पहले मंगलवार को सील कर दिया गया है। प्रशासन ने चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह कदम उठाया है। जानकारी के अनुसार, किशनगंज जिले से सटे पश्चिम बंगाल के पांच विधानसभा क्षेत्रों में गुरुवार को मतदान होना है। इनमें 27-फसिदेवा,



28-चोपड़ा, 29-इस्लामपुर, 30-ग्वालपोखर और 31-चाकुलिया विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं, जो क्रमशः ठाकुरगंज, पोठिया और किशनगंज सदर थाना क्षेत्रों से सटे हुए हैं। चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने के लिए प्रशासन ने असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। आदेश के अनुसार, 20 अप्रैल मंगलवार सुबह 6 बजे से 23 अप्रैल गुरुवार मध्य रात्रि 12 बजे तक बिहार-बंगाल सीमा को बंद रखा जाएगा। केवल आकस्मिक और चिकित्सा सेवाओं को ही छूट दी गई है। किशनगंज जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त आदेश जारी करते हुए वीडीओ, सीओ और सीमावर्ती थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि 39 चिन्हित चेक प्वाइंट पर सख्त निगरानी रखी जाए। सभी वाहनों की गहन जांच के निर्देश दिए गए हैं। एसपी संतोष कुमार ने भी निर्देश दिया है कि संबंधित थाना क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए और सभी गतिविधियों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। जिले में 10 मिरर चेक पोस्ट पहले से सक्रिय हैं, जहां लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# बिहार में साइबर क्राइम का बड़ा खुलासा : विदेशी नेटवर्क से जुड़ा डेटा तस्करी गिरोह बेनकाब, 4 मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय एक हाई-टेक साइबर डेटा तस्करी गिरोह का पदार्फाश किया है। यह गिरोह आम नागरिकों की निजी और संवेदनशील जानकारी चोरी कर विदेशी अपराधियों को बेच रहा था। इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने उत्तर प्रदेश और बिहार के अलग-अलग इलाकों से चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।इस पूरे ऑपरेशन की शुरूआत 21 अप्रैल 2026 को केंद्रीय एजेंसी से मिली एक गुप्त सूचना के बाद हुई। जानकारी के अनुसार, अहियापुर थाना क्षेत्र का रहने वाला रिषभ कुमार अपने घर से ही अवैध डेटा एक्सचेंज का संचालन कर




रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें साइबर थाना, जिला आसूचना इकाई (DIU) और बिहार एसटीएफ के अधिकारी शामिल किए गए। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी और साइबर डीएसपी हिमांशु कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर मुख्य आरोपी रिषभ कुमार को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके तीन अन्य साथियों, दीपक चौधरी उर्फ आशु कुमार (गाजीपुर, यूपी), सुधांशु कुमार (दरभंगा) और साहिल कुमार (मुजफ्फरपुर) को भी धर दबोचा। इसके अलावा गिरोह के तीन अन्य सदस्यों की पहचान भी कर ली गई है, जिनकी तलाश जारी है। जांच में सामने आया कि यह गिरोह अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर डेटा चोरी करता था। आरोपी ओपन सोर्स इंटेलिजेंस (OSINT) टूल्स, फर्जी सिम कार्ड और टेलीग्राम बॉट्स के जरिए लोगों की निजी जानकारी जुटाते थे। इतना ही नहीं, ये लोग फर्जी एपीआई तैयार कर सरकारी और निजी डेटाबेस में अनधिकृत तरीके से घुसपैठ करते थे। पुलिस द्वारा जब्त किए गए मोबाइल फोन और आईपैड की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी मोबाइल नंबर, आईएमईआई डिटेल्स, आधार और पैन कार्ड की जानकारी, वाहन रजिस्ट्रेशन डेटा और बैंक खातों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी चोरी कर रहे थे। इसके बाद इस डेटा को बांग्लादेश समेत अन्य देशों के साइबर अपराधियों को ऊंची कीमत पर बेचा जाता था। लेन-देन के लिए क्रिप्टो करेंसी और फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस ने आरोपियों के बैंक खातों में जमा करीब 4 लाख रुपये को फ्रीज कर दिया है। साथ ही बरामद सभी डिजिटल उपकरणों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, ताकि इस नेटवर्क की पूरी गहराई तक पहुंचा जा सके। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के मोबाइल से विदेशी अपराधियों के साथ बातचीत के पुख्ता सबूत मिले हैं। शुरूआती जांच में बांग्लादेशी साइबर गिरोह से इनके कनेक्शन की पुष्टि हुई है। यह पूरा नेटवर्क एन्क्रिप्टेड टेलीग्राम चैनलों के जरिए संचालित किया जा रहा था, जिससे सुरक्षा एजेंसियों से बचा जा सके। इस मामले में अब केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा भी पूछताछ की तैयारी की जा रही है, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले इस नेटवर्क का पूरी तरह से भंडाफोड़ किया जा सके। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपनी निजी जानकारी जैसे आधार नंबर, ओटीपी, बैंक डिटेल्स या अन्य संवेदनशील डेटा किसी के साथ साझा न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, क्योंकि छोटी सी लापरवाही भी बड़े साइबर अपराध का कारण बन सकती है।

# बिहार में बड़ा हादसा : चौठारी पूजन के दौरान नदी में डूबे चार लोग, दो महिलाओं की मौत, दो बच्चे लापता

**एजेंसी। पटना**

बिहार के सोनपुर में बेटी की शादी के बाद आयोजित ह्यचौठारी पूजनह्ल के दौरान बुधवार को सोनपुर के बैजलपुर जड़भरत स्थान के पास गंडक नदी में बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में दो महिलाओं और दो बच्चों सहित चार लोग नदी में डूब गए। हादसे में दो महिलाओं के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि दो बच्चे अभी भी लापता हैं। मृतकों की पहचान दुल्हन की 45 वर्षीय मां बबीता देवी और उनकी मामी 35 वर्षीय गुड़िया देवी के रूप में हुई है। गुड़िया देवी नालंदा जिले के नूरसराय निवासी रवि सिंह की पत्नी थीं। लापता बच्चों में 12 वर्षीय रिशु कुमार और 15 वर्षीय रिचा कुमारी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, जनार्दन सिंह की बेटी की शादी सोमवार को गोपालपुर में संपन्न हुई थी और मंगलवार को विदाई के बाद बुधवार को परिवार की महिलाएं और रिश्तेदार चौठारी पूजन के लिए गंडक नदी घाट पहुंचे थे। पूजा से पहले स्नान के दौरान सभी गहरे पानी और तेज धारा की चपेट में आ गए और बहने लगे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और नाविकों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। स्थानीय मल्लाहों की मदद से दोनों महिलाओं को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी हालत गंभीर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही सीओ राजकुमार, थानाध्यक्ष दिलीप कुमार और रउफ्र्र की टीम मौके पर पहुंची। दोनों महिलाओं को पहले सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल और फिर हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## पूर्णिया में सेक्स रैकेट का पदार्फाश : एक कमरे से 16 महिलाएं सात पुरुष और 9 नाबालिग बरामद, इलाके में मचा हड़कंप

**पूर्णिया ।** बिहार के पूर्णिया जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित सेक्स रैकेट का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई के दौरान जो तस्वीर सामने आई, उसने सभी को हैरान कर दिया। एक ही कमरे में 16 महिलाएं और 7 पुरुष संदिग्ध अवस्था में पाए गए, जबकि कुल 9 नाबालिग लड़कियों को इस अवैध धंधे के चंगुल से मुक्त कराया गया। यह पूरी कार्रवाई गुलाबबाग जीरोमाइल इलाके के रेड लाइट एरिया में की गई, जहां पुलिस को लंबे समय से देह व्यापार चलने की सूचना मिल रही थी। इस मामले में एक एनजीओ की अहम भूमिका रही, जिसने पुलिस को इस अवैध गतिविधि की जानकारी दी। इसके बाद प्रशासन तुरंत हरकत में आया और एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। छापेमारी का नेतृत्व सदर एसडीएम दीक्षित श्वेतम और सदर वन एसडीपीओ ज्योति शंकर ने किया। पुलिस की टीम ने पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर लिया, जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। करीब तीन घंटे तक चली इस कार्रवाई में पुलिस ने हर कोने की तलाशी ली। सबसे पहले पुलिस ने छह नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद एक बंद कमरे का ताला तोड़ा गया, जहां से 16 महिलाएं और 7 पुरुष बरामद किए गए। इसके अलावा तीन और नाबालिगों को भी मुक्त कराया गया, जो इस गिरोह के चंगुल में फंसे हुए थे। पुलिस ने मौके से कुल 23 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें पुरुष ग्राहक बताए जा रहे हैं।

# बिहार के सरकारी स्कूल में मांस मिलने से बवाल अलमारी से 10 किलो मीट बरामद, 5 शिक्षक हिरासत में

**एजेंसी। पटना**

बिहार के रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड से एक बेहद संवेदनशील और विवादित मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय रामडीह में स्कूल परिसर से करीब 10 किलो संदिग्ध और आपत्तिजनक मांस बरामद होने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय ग्रामीणों को पहले से ही इस बात का संदेह था कि विद्यालय के कुछ शिक्षक-शिक्षिकाएं नियमित रूप से स्कूल में मांस बनाते और खाते हैं। आरोप तो यहां तक है कि कुछ छात्रों को भी यह भोजन परोसा जाता था। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन आज की घटना ने पूरे मामले को गंभीर बना दिया है। बताया जा रहा है कि जब ग्रामीणों ने देखा कि एक बार फिर स्कूल में मांस लाया गया है, तो वे मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी। इसी दौरान स्कूल की एक अलमारी खोली गई, जिसमें से लगभग 10 किलो संदिग्ध मांस बरामद हुआ। इस खुलासे के बाद गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग स्कूल परिसर में इकट्ठा हो गए। घटना की



सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। जिलाधिकारी उदिता सिंह और पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। हालात को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो महिला शिक्षिकाओं सहित कुल पांच शिक्षकों को हिरासत में ले लिया। सभी से पूछताछ जारी है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मांस कहां से लाया गया और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जा रहा था। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि बरामद मांस को जब्त कर लिया गया है और जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब (ऋछ) भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि मांस किस प्रकार का है और क्या यह किसी नियम का उल्लंघन करता है या नहीं। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल जैसे पवित्र स्थान पर इस तरह की गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। उन्होंने दोषी शिक्षकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक अफजाल अंसारी बताए जा रहे हैं, वहीं स्कूल में विभिन्न समुदायों के बच्चे पढ़ते हैं। ऐसे में यह मामला और भी संवेदनशील बन गया है, जिसे प्रशासन बेहद सावधानी से संभाल रहा है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी है और सभी आरोपों की सत्यता की पुष्टि की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### बिहार में दारोगा और महिला कांस्टेबल का बंद कमरे वाला गंदा वीडियो वायरल, एसपी ने दोनों को किया सस्पेंड, जांच के आदेश

सीवान के पुलिस महकमे से जुड़ा एक आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो रघुनाथपुर थाना में पूर्व में तैनात सब-इंस्पेक्टर सुजीत कुमार और डायल 112 की एक महिला सिपाही से संबंधित है। हालांकि दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो पुराना है, क्योंकि संबंधित अधिकारी वर्तमान में पचरुखी थाना में तैनात हैं, जबकि महिला सिपाही पुलिस लाइन में पदस्थापित है। वायरल वीडियो एक कमरे का है, जहां दोनों आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे हैं। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने वेंटिलेटर के जरिए यह वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वीडियो वायरल होने के बाद जिले के पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। कहा जा रहा है कि वीडियो बनाने वालों ने संबंधित पुलिसकर्मियों को ब्लैकमेल करने की कोशिश की थी और वीडियो डिलीट करने के नाम पर दबाव बनाया था। जब इस मामले की जानकारी अधिकारियों को मिली तो दोनों का तबादला कर दिया गया। लंबे समय बाद यह वीडियो सोमवार को अचानक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है और पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि वीडियो की सत्यता और पूरे घटनाक्रम की गहराई से जांच की जा रही है।

### बिहार का घूसखोर क्लर्क सहयोगी समेत गिरफ्तार निगरानी ने 10 हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचा

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के बेनीपट्टी अंचल कार्यालय में आज उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पटना से आई निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने एक लिपिक (क्लर्क) को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए दबोच लिया। गिरफ्तार लिपिक की पहचान साकेत कुमार के रूप में हुई है। निगरानी की टीम ने साकेत के साथ एक बिचौलिए को भी गिरफ्तार किया है।मिली जानकारी के अनुसार, परजूआर पंचायत के दाहिला गांव निवासी रविन्द्र यादव से अतिक्रमण खाली करवाने के एवज में लिपिक साकेत कुमार ने पैसों की मांग की थी। आरोपी लिपिक ने काम के बदले 30,000 रुपये की मांग की थी। पीड़ित रविन्द्र यादव ने अपनी आर्थिक तंगी और गरीबी का हवाला दिया, जिसके बाद सौदा 15,000 रुपये में तय हुआ। तय सौदे के अनुसार, आज 15 हजार में से 10 हजार रुपये की पहली किस्त का भुगतान होना था। जैसे ही दोपहर के करीब 12 बजे कार्यालय परिसर में पैसों का लेनदेन शुरू हुआ, पहले से ही मुस्तैद निगरानी विभाग की टीम ने लिपिक साकेत कुमार और उसके सहयोगी बिचौलिए धकजरी गांव के परमानन्द झा को रंगे हाथों पकड़ लिया। निगरानी विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से पूरे अंचल कार्यालय और ब्लॉक परिसर में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। इस मामले में खास बात यह है कि जिलाधिकारी ने पहले ही उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दे दिया था। इसके बावजूद, सरकारी आदेश के क्रियान्वयन के नाम पर लिपिक द्वारा अवैध उगाही की जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद निगरानी की टीम दोनों आरोपियों को अपने साथ पटना ले गई है।

### साइबर फ्रॉड पीड़ितों को बड़ी राहत : ठगी के बाद अब एफआईआर और कोर्ट की जरूरत नहीं, बैंक ही लौटाएगा पैसा

**पटना।** बिहार में हर रोज साइबर ठगों के शिकार बन रहे लोगों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है. ठगी के शिकार बनने वालों को अब एफआईआर दर्ज कराने और कोर्ट में मुकदमे के झमेले में नहीं फंसना होगा. अब बैंक से स्तर से ही उनकी शिकायत का निपटारा हो जाएगा. साइबर क्राइम के शिकार लोगों के लिए आई-4सी (Indian Cyber Crime Coordination Centre) ने नया एसओपी जारी कर दिया है. इसके अनुसार, अब साइबर फ्रॉड से जुड़े छोटे मामलों का निपटारा सीधे बैंक स्तर पर कर दिया जाएगा। इसके लिए सभी बैंकों को प्रिवेंट रिफंड पोर्टल कि व्यवस्था की गई है, जहां शिकायत दर्ज होते ही कार्रवाई शुरू हो जाएगी. उहालांकि ये व्यवस्था छोटी ठगी के शिकार लोगों के लिए की गई है. इसके लिए 50 हजार तक की राशि तय की गई है. यानि अब अगर किसी व्यक्ति के साथ 50 हजार रुपये से कम की साइबर ठगी होती है, तो उसे एफआईआर दर्ज कराने या कोर्ट के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। उनई व्यवस्था के तहत बैंक खुद पीड़ित का पैसा लौटाने की प्रक्रिया पूरी करेग. इस नई व्यवस्था का उद्देश्य पुलिस और कोर्ट पर बढ़ते बोझ को कम करना और पीड़ितों को जल्द राहत देना है. उअब जानिए कि साइबर ठगों के शिकार बने लोगों को क्या करना होगा. साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को 2 घंटे के भीतर हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करनी होगी.शिकायत दर्ज होते ही बैंक संबंधित खाते को होल्ड करेगा. फिर इस मामले की जांच पड़ताल की जाएगी. जांच के बाद 3 महीने के भीतर पीड़ित को रिफंड मिल सकता है. दरअसल साइबर ठगी के मामलों में भरी इजाफा हुआ है. हालत ये है कि पुलिस ऐसे मुकदमों के बोझ तले दब गई है. पटना साइबर थाना में एक-एक आईओ (इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर) पर करीब 250 केस का बोझ है, जिनमें लगभग 80% मामले लंबित हैं। आंकड़ों के मुताबिक, करीब 60% साइबर ठगी के मामले 50 हजार रुपये से कम के होते हैं। छोटी रकम होने के कारण लोग कानूनी प्रक्रिया में नहीं पड़ते और पैसा छोड़ देते हैं। साइबर ठगी का मामला सामने आने और एफआईआर दर्ज होने के बाद भी ठगी के पैसे की रिकवरी नहीं हो रही. 2025 में पटना में 75 करोड़ रुपये की साइबर ठगी हुई, जिसमें से 19.90 करोड़ रुपये होल्ड किए गए, लेकिन सिर्फ 3.25 करोड़ रुपये ही वापस मिल सके. साइबर ठगी के मामलों का हाल जानने के लिए पटना के दो मामलों को जानिए. बोरिंग रोड के एक प्रेम रंजन नाम के व्यक्ति से 4.59 लाख रुपये की ठगी हुई। इसमें 1.50 लाख रुपये होल्ड किए गए, लेकिन पुलिस रिपोर्ट में देरी के कारण पीड़ित को पैसा वापस नहीं

# बिहार पंचायत चुनाव में पहली बार ईवीएम से वोटिंग

## हर बूथ पर 6 मशीनें

**एजेंसी। पटना**

बिहार में होने वाले पंचायत चुनाव 2026 इस बार कई मायनों में खास होने जा रहे हैं। पहली बार राज्य में पंचायत स्तर के चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए कराए जाएंगे। अब तक पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से होते थे, लेकिन इस बार तकनीक का बड़ा इस्तेमाल देखने को मिलेगा। बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने इस बदलाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं और इसे चुनाव प्रणाली में एक बड़े सुधार के रूप में देखा जा रहा है। सबसे खास बात यह है कि इस बार सामान्य एश्ट नहीं, बल्कि एस-3 मॉडल की मल्टी पोस्ट एश्ट का उपयोग किया जाएगा। पंचायत चुनाव में एक साथ कई पदों—जैसे मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य आदि—के लिए



मतदान होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हर बूथ पर 6 बैलेट यूनिट लगाई जाएंगी। यानी मतदाता अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग मशीन पर वोट देंगे, जबकि इन सभी मशीनों को एक कंट्रोल यूनिट से संचालित किया जाएगा। इससे वोटिंग प्रक्रिया ज्यादा व्यवस्थित और तेज होने की उम्मीद है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, अप्रैल महीने के भीतर सभी जिलों को एश्ट उपलब्ध करा दी जाएंगी। इसके बाद इन मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा जाएगा। हर स्ट्रॉन्ग रूम में 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी रहेगी, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी या छेड़छाड़ की संभावना को पूरी तरह खत्म किया जा सके। हाल ही में राज्य निर्वाचन आयुक्त दीपक प्रसाद ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम) के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एक अहम समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि एश्ट के सुरक्षित भंडारण से लेकर उनकी तकनीकी जांच तक हर प्रक्रिया तय समय पर पूरी की जाए। ईवीएम के उपयोग से पहले फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) की प्रक्रिया भी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। आयोग ने निर्देश दिया है कि यह जांच राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसी को भी चुनाव प्रक्रिया पर संदेह न हो। इसके साथ ही, 2011 की जनगणना के आधार पर वार्डवार जनसंख्या का सत्यापन भी किया जा रहा है। आयोग ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि इस डेटा को अपडेट कर आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जाए, ताकि चुनाव की तैयारी पूरी तरह सटीक और पारदर्शी हो सके। चुनाव के समय की बात करें तो संभावना है कि पंचायत चुनाव नवंबर-दिसंबर 2026 में कराए जाएंगे। यानी अभी से प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, ताकि समय आने पर किसी तरह की परेशानी न हो। ईवीएम के इस्तेमाल से कई फायदे भी होंगे। इससे वोटों की गिनती तेज होगी, परिणाम जल्दी आएंगे और फर्जी मतदान या मतपत्रों की गड़बड़ी जैसी समस्याएं कम होंगी। हालांकि, कुछ लोग इस बदलाव को लेकर सवाल भी उठा सकते हैं, लेकिन आयोग का दावा है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित होगी।

# अब एलपीजी की टेंशन भूल जाइए! बिहार के पवीडीएस दुकानों पर मिलेगा कोयला, सम्राट सरकार का बड़ा फैसला

**एजेंसी। पटना**

ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और दक्षिण-पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो गई है, जिससे बिहार में रसोई गैस (एलपीजी) की कमी उत्पन्न हो गई है। इस स्थिति को देखते हुए बिहार सरकार ने जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों के माध्यम से किरोसिन के साथ-साथ कुकिंग कोयला उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि ऊर्जा सप्लाई चेन बाधित होने से आम लोगों को खाना बनाने में कठिनाई हो रही है। ऐसे में एलपीजी की कमी को दूर करने और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत उपलब्ध कराने के लिए कोयला आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में विभाग ने खान



एवं भूतत्व विभाग, परिवहन विभाग के सचिवों और सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़े लाभुकों को पीडीएस दुकानों के जरिए कुकिंग कोयला उपलब्ध कराया जाएगा। इसकी निगरानी जिला और राज्य स्तर पर की जाएगी।हालांकि, पीडीएस दुकानों में रियायती दर पर किरोसिन आपूर्ति की स्थिति अभी भी कमजोर है। पटना के डीलरों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है। पटना के एडीएम (आपूर्ति) आरके दिवाकर के अनुसार, पिछली बार आया किरोसिन थोक विक्रेताओं को दिया गया था, लेकिन इस बार तेल कंपनियों से मिलने वाली आपूर्ति को सीधे पीडीएस दुकानों के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा। इधर, शादी-विवाह और बड़े आयोजनों में कमर्शियल एलपीजी की कमी के कारण कोयला और लकड़ी की मांग तेजी से बढ़ी है। कोयला कारोबारी संजय कुमार के अनुसार, पहले 600-650 रुपये प्रति मन (40 किलोग्राम) मिलने वाला कोयला अब 800-900 रुपये तक पहुंच गया है। कीमतों में बढ़ोतरी का कारण मांग में वृद्धि और आपूर्ति की कमी है।